तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 3 नवंबर 2024

11 दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में संजारी...



12 अंचल में हर्षोल्लास से मना गौरा-गौरी पर्व





## पर्व : दीपावली पर दिखा परंपरा व उत्साह का संगम, दीपों व रंगीन झालरों से जगमगाया अंचल

# मां लक्ष्मी से मांगी सुख-समृद्धि, गौरा-गौरी का रचाया विवाह, गोवर्धन पूजा कर गायों को खिलाई गई खिचड़ी









हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शहर से लेकर गांवों तक दीपावली पर्व की धूम रही। गुरुवार व शुक्रवार की देर शाम से लेकर रात तक माता लक्ष्मी और गणेश जी की विधिविधान से पूजा अर्चना करने के बाद लोगों ने खूब पटाखे फोड़े।

इस साल दो दिनों तक माता लक्ष्मी की पूजा की गई। कहीं गुरुवार को लक्ष्मी पूजन किया गया तो कहीं शुक्रवार को लक्ष्मी पूजा की गई। शहर और गांवों से कई अलग अलग खूबसूरत तस्वीरें निकल कर सामने आई। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं व बुजुर्गों ने नए कपड़े पहनकर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए शुभकामनाएं दी और परिवारों के साथ मोबाईल पर सेल्फी लेते नजर आए। साथ ही विभिन्न प्रकार के पटाखे जलाए। बीते दो दिनों से रात के समय आसमान पटाखों की आवाज से गूंज उठा। लोगों ने आकाश दीप भी छोड़े, आसमान में काफी ऊंचाइयों में आकाश दीप नजर आए।

पांच दिनों तक मनाए जाने वाले दीपावली पर्व का मुख्य दिन लक्ष्मी पूजा के दिन को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रही। जिसके कारण कहीं गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना शुभ मुहूर्त में कई गई तो कहीं शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में पुजन की गई। शहरों में गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना विधि विधान और धूमधाम से की गई लेकिन अगले दिन यानी कि शुक्रवार का दिन त्यौहार फीका नजर आया, जबकि कई ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। शनिवार को सारा दिन शहर से लेकर गांव तक भगवान गौरा गौरी का विसर्जन शोभायात्र निकाली गई।

## सुबह से दोपहर तक गौरा-गौरी की धूम, फिर की गोवर्धन पूजा








हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शनिवार को सुबह से दोपहर तक गौरा गौरी का धूमधाम से विसर्जन किया गया। पारंपरिक गाड़ा बाजा के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद गोवर्धन पूजा कर गायों को खिचड़ी खिलाई गई। इस दौरान भगवान गौरा गौरी के आगमन पर लोगों ने उनकी पूजा अर्चना की। वहीं, परंपरा अनुसार पुरुषों ने हाथों में सोंटे भी लिए। बैगा ने पुरुषों के हाथों पर सोंटे मारे। शहर से लेकर गाँवों तक गौरा गौरी की विसर्जन शोभायात्रा के बाद पशुपालकों ने गोवर्धन पूजा कर गायों को खिचड़ी खिलाई। साड़हा देव के नजदीक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया।






## अंचल में फूटे 85 लाख के पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा



नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में इस वर्ष दीपावली पर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। लोगों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ त्योहार मनाया। पांच दिन के त्योहार में पूरे चार दिन रौनक रही। वहीं, आज भाई दूज और मातर का पर्व मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के मौके पर लगभग 85 लाख रुपये के पटाखे फोड़े गए। प्रशासन ने लोगों को प्रदूषण के प्रति जागरूक करने के प्रयास किए थे, लेकिन फिर भी पटाखों का उपयोग बड़े पैमाने पर देखा गया। अनेक सामाजिक संगठनों और पर्यावरणविदों ने प्रदूषण-मुक्त तरीके से त्योहार मनाने की अपील की थी, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में लगभग 85 लख रुपए के आतिशबाजी किए गए दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया धनतेरस से लेकर 31 अक्टूबर दीपावली तक शहर का माहौल धार्मिकमय बना हुआ था।

## खबर संक्षेप



### बाबा रामदेव मंदिर में महा आरती आज

**बालोद।** गंजपारा स्थित श्री बाबा रामदेव मंदिर में 3 नवंबर को कार्तिक सुदी दूज चन्द्रदर्शन के अवसर पर दोपहर 12 बजे श्री बाबा जी को अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। संध्या 7:30 महाआरती की जाएगी। श्री रामदेव बाबा धर्माध सेवा समिति बालोद, श्री रामदेव बाबा महिला मंडल बालोद ने सभी धर्मप्रेमी बन्धु, भक्त, सहपरिवार अन्नकूट प्रसाद एवं महाआरती में सम्मिलित होने की अपील की है।

### कलंगपुर में भाईदूज व मातर पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद/कलंगपुर।** दीपावली के अवसर पर 3 नवंबर को ग्राम कलंगपुर में भाईदूज व मातर उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जायेगा। यहां प्रति वर्ष मातर उत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रहता है। हरिश कुमार कुल्हारे एवं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कुशल राम साहू ने बताया कि ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में शाम को गौठान पर विभिन्न आतिशबाजी की जाएगी। साथ ही मातर उत्सव के उपलक्ष्य में गांव के सभी कर्मचारियों के सहयोग से रात्रि में लोक रंजनी संस्था सोंड़ का कार्यक्रम रखा गया है।

### भेजामैदानी में दीपावली महोत्सव आज

**गुरूर।** ग्राम भेजामैदानी में ग्राम विकास समिति द्वारा 3 नवंबर को दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया है। रात्रि में कारी बदरिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा भोजराज नाग होंगे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत भेजा मैदानी रेणुका गजेन्द्र करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राकेश यादव, महामंत्री भाजपा मंडल गुरूर मेहत्तर नेताम, सभापति जिला पंचायत बालोद मीना साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भेजा मैदानी पंचू राम साहू उपस्थित रहेंगे।

### पेंशनर समाज की बैठक 6 को

**देवरी बंगला।** आगामी 6 नवंबर को सामुदायिक भवन मारी बंगला में पेंशनर समाज तहसील शाखा मारी बंगला (देवरी) की बैठक रखी गई है। पेंशनर समाज के सचिव शांता प्रसाद मोहन माला ने जीवित प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए पेंशनर साथियों को एक पासपोर्ट साइज फोटो, पीपीओ, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति सहित दस्तावेजों के साथ बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### ग्राम तिरगा में मातर महोत्सव आज

**अंडा।** दीपावली के पावन अवसर पर ग्राम तिरगा में 3 नवंबर को मातर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच घसिया राम देशमुख ने बताया कि इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ी लोककला सांस्कृतिक संस्थान धरती के श्रृंगार ग्राम भोथीपार कला जिला राजनांदगांव का आयोजन किया जा रहा है।

### वार्ड 17 में चला डेंगू मलेरिया बचाव अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देश पर पांचों जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे है।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना गुरुवार को दीपावली के दिन शाम करीब 8 बजे झलमला के पास हुई। जानकारी के अनुसार ग्राम छेड़िया निवासी सचिन तारम 19 वर्ष बालोद से सामान खरीद कर अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान ग्राम झलमला के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने परिजनों को कई घन्टे इंतजार करना पड़ा।

वहीं, दूसरी दुर्घटना शनिवार को गोवर्धन पूजा के दिन दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम भोथली में हुई। जानकारी के अनुसार ग्राम तमोरा निवासी लोमेश यादव उम्र करीब 25 वर्ष अपनी नई सोल्ड बाइक पर सवार होकर मामा के घर गया था। वहां से अपने गांव तमोरा लौटने के दौरान ग्राम भोथली के पास स्थित पावर स्टेशन के पास मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे मुरुम में जा घुसी। इस घटना में बाइक पर पीछे बैठा लोमेश यादव बहुत बुरी तरह से घायल हो गया। उसे तत्काल गुरुर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शनिवार को देर शाम तक पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव लाया गया।

# किसानों ने गौ वंदन योजना लागू करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भारतीय किसान संघ तहसील अर्जुन्दा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न गांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मांगों में गौ वंदन योजना लागू करने, धान खरीदी पूर्णवत 1 नवम्बर से प्रारंभ करने, गन्ने का मूल्य बढ़ाने, श्री अन्न(मिलेट्स) की खेती करने वाले किसानों को इनपुट सब्सिडी देने, प्रत्येक तहसील में जेनेरिक कृषि केन्द्र खोलना तथा सहकारी समितियों में चुनाव कराना शामिल है। मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार अर्जुन्दा तहसील को सौंपा गया।



ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान दशरथ साहू, कैलाश भुआर्य, नेतराम ठाकुर, हुमेश कुमार, कमलेश ठाकुर, यशवन्त साहू, मालिकराम नेताम, योगेश्वर निर्मलकर उपस्थित थे।

# मोटर साइकिल चोरी का आरोपी पकड़ाया

## नगर के पाररास में हुई चोरी के मामले में पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

पुलिस को नगर के पाररास में हुई चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली, आरोपी पूर्व में भी चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है।



मामला 25 अक्टूबर का है। भास्कर साहू के भवन के नीचे फ्लोर में पीएचई विभाग के ऑफिस ग्राम पाररास में प्रार्थी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 आर 5237 की चोरी हो गई। घटना स्थल पर सुबह 26 अक्टूबर को सुबह करीबन 06:30 बजे खड़ी की थी, जहां मोटर सायकल नहीं दिखने से चौकीदार से पूछताछ की। इस पर संदिग्द्ध व्यक्ति का कपड़ा एवं बाउंड्री गेट का ताला रखा होना बताया। उसने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में बाउंड्री वाल कूदकर ऑफिस से चाबी निकालकर बाउंड्री को गेट खोला तथा मेरे कमरे में रखे मोटर सायकल के चाबी को कमरे से निकाल कर चाबी सहित मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर उक्त अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी का पता तलाश क्रम में संदिग्ध व्यक्ति वार्ड 20 पाररास निवासी लक्ष्मीनारायण गंधर्व पिता स्व. प्रकाश गंधर्व उम्र 22 वर्ष से कड़ाई से पूछताछ की गई। इस पर उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 आर 5237 को चिखलाकसा के ज्योति अस्पताल राजहरा से बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपी लक्ष्मीनारायण गंधर्व 22 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## नीम पेड़ के नीचे विराजित बाबा मोहंदीपाट पर लोगों की है बड़ी श्रद्धा

# मोहंदीपाट मेला आज, झूलों के साथ सजा मीना बाजार


हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

छत्तीसगढ़ का प्रथम मड़ई मेला बाबा मोहंदीपाट में आज मनाया जाएगा। मड़ई मेले को लेकर तैयारी पूरी की जा चुकी है।

आज 3 नवंबर रविवार को भव्य मड़ई मेला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में 10 बजे छत्तीसगढ़ी लोक कला नाच पार्टी गवई के हीरा जेवरा महासमुंद वालों का आयोजन रखा गया है। मेला का आयोजन गोवर्धन पूजा व आज भाई दूज के पश्चात के रविवार को हो रहा है। प्रतिकूल दशाओं में भी मेला के आयोजन में कोई परिवर्तन नहीं होता है, यह क्रम निरतर जारी है। मोहंदीपाट बाबा मेला महोत्सव में 15 दिन पहले मीना बाजार लगना शुरू हो जाता है। यहां दूर दराज से आकर लोग बड़े-बड़े झूले लगाते हैं। यहां के मेला महोत्सव में आनंद लेने बहुत दूर-दूर से लोग आते हैं।



### पहले दी जाती थी बलि, अब वह प्रथा बंद



मोहंदीपाट बाबा मंदिर पुजारी राजेन्द्र शर्मा और मंदिर के अध्यक्ष नरसिंग देवांगन ने बताया कि देवस्थल एक पवित्र क्षेत्र है, लेकिन इन दिनों क्षेत्र में गन्दगी के फैलने पर इसका लोगों पर कुप्रभाव पड़ता है। देवस्थल मोहंदीपाट आदिकाल से श्रद्धा एव विश्वास का केंद्र रहा है। जनमानस हजारों की संख्या में अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण करने के लिए भगवान बाबा मोहंदीपाट के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि पहले यहां बलि प्रथा थी, लेकिन अब यह प्रथा समाप्त कर दी गई है।

मोहंदीपाट जिला मुख्यालय बालोद से 49 किमी व दुर्ग से 30 किमी उतर दिशा में स्थित है। ग्राम देवता के नाम से ही गांव का नामकरण मोहंदीपाट रखा गया है। प्राचीन नामकरण में शिवनाथ नदी के एक ओर 18 गढ़ व दूसरी ओर 18 गढ़ कुल 36 गढ़ों में एक मेंहदीगढ़ ही मोहंदीपाट है। पूर्व सरपंच मुकेश साहू ने बाताया कि प्राचीनकाल में देवस्थल मंदिर है, जहां नीम पेड़ के नीचे में मोहंदीपाट बाबा विराजमान हैं। पहले कई वर्ष पहले इस जगह के आसपास जँगली क्षेत्र था, व मन्दिर नीम पेड़ के नीचे स्थपित है। कहा जाता है कि बाबा मोहंदीपाट रात्रिकाल में सफेद घोड़े पर सवार होकर ग्राम के चारों ओर भ्रमण करते थे, इस दौरान घोड़े की टॉप व घुंघरुओं की आवाज स्पस्ट सुनाई पड़ती थी।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### उप राष्ट्रपति धनखड़ को उप मुख्यमंत्री साव ने राज्योत्सव के समापन का दिया आमंत्रण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भेंट की। उन्होंने राज्य शासन की ओर से उप राष्ट्रपति को राज्योत्सव के समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। नया रायपुर, अटल नगर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह 6 नवम्बर को होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा आगामी 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक नया रायपुर, अटल नगर में तीन दिवसीय भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

### मराठा युवा समाज ने धूमधाम से मनाया धनत्रयोदशी



**रायपुर।** मराठा युवा समाज के सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर धनत्रयोदशी को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों के साथ-साथ महिलाओं और युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही धन त्रयोदशी के पावन अवसर पर 'एक दीया दैवत' के नाम का आयोजन किया गया, जिसमें मराठा समाज के सदस्यों से आव्हान करने पर परिवार के एक सदस्य के नाम से एक घृत दीया लाकर छत्रपति शिवाजी महाराज को अर्पित किया। इस मौके पर मराठा युवा समाज अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताता कि, मराठा युवा समाज ने अपने दैवत छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर संस्कार व संस्कृति से नई पीढ़ी को जोडने का प्रयास किया है। इस कार्यक्रम में महेंद्र घाटगे, उषा पवार, मनीष भोंसले, नीरज इंग्ले, राहुल डुकरे, सौरभ बाकरे, शिशिर सुरोषे, संजू राव, सुमीत ढिगे, अभिजीत जाचक आदि शामिल थे। हर्ष, हिमांशु इंग्ले, रितिक राव, गणेशा जाधव, भूमिका इंग्ले, प्रांजल भोंसले

### एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राहमण समाज ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन



**रायपुर।** कलेक्ट्रेट राजस्व शाखा में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में प्राप्त सुसाइडल नोट में अंकित मौत के लिए जिम्मेदार एडीएम स्तर के तीन अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने राजभवन में बुधवार को कंट्रोलर से मिलकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि, अधिकारियों ने 'ब्राह्मण को भगाओ' जैसे जाति सूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित किया है। उपाध्याय द्वारा कलेक्टर को तीन बार की गई शिकायत को अनदेखा किया गया। झूठी शिकायत कर उपाध्याय का ट्रांसफर खरोरा कर दिया गया, जिसके चलते आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ा। समाज के उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में मांग की कि अधिकारियों की प्रताड़ना से आत्महत्या किया गया है, इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल अधिकारियों के निलंबन एवं आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के तहत एफआईआर किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से राजेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, जेपी शर्मा, मुन्ना मिश्रा, नीरज शर्मा, अजय जोशी, सुमित शर्मा, धनंजय शर्मा, मुकेश मिश्रा, नीतीश शुक्ला, श्लोक शर्मा, दीपक शर्मा, मनीष तिवारी सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

# छठ पूजा से पहले महादेवघाट की सफाई, मंदिर की तरफ का घाट हुआ स्वच्छ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

5 नवंबर से शुरू होने वाले छठ पूजा महापर्व से पूर्व राजधानी के ऐतिहासिक महादेवघाट को स्वच्छ रखने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सफाई अभियान चलाया है। सप्ताहभर पूर्व जोन 8 कमिश्नरी के माध्यम से गैंग लगाकर पहले मंदिर के तरफ वाले घाट की सफाई कर भारी मात्रा में गंदगी बाहर निकाली गई। इसके बाद पुल के नीचे वाले हिस्से में जलीय वनस्पति सहित अन्य तरह के कचरे को बाहर निकालकर घाट की स्वच्छता कायम की गई। इसके सथ ही विसर्जन कुंड के आसपास जमा लकड़ियों के ढांचे की नीलामी कर अनुबंधित ठेकेदार से आसपास के इलाके को साफ कराने का काम पूरा हो गया है। दरअसल सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा से पहले राजधानी के महादेवघाट की सफाई के लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नरी ने सप्ताहभर से स्वच्छता अभियान चलाया है। इसकी शुरुआत मंदिर के तरफ वाले घाट किनारे की सफाई कर की गई। सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में जमा हुआ कचरा निकाला गया। जिस जगह पर नौकाएं खड़ी की जाती थीं, वहां भी सफाई के लिए कर्मचारी लगाए गए। साथ ही पुल के नीचे वाले हिस्से में जमा जलीय वनस्पति, पूजन सामग्री, कचरों के ढेर को गोताखोरों और जोन गैंग तथा सेंट्रल गैंग के सफाई कर्मचारियों ने बाहर निकालकर सफाई की।

**छठ पूजा महापर्व आयोजन समिति कराएगी घाट की रंगाई पुताई**




**खास बातें**

- डंपर, जेसीबी, पोकलेन लगाकर कचरे का परिवहन
- नगर निगम जोन 8 गैंग और सेंट्रल गैंग का सहयोग

### 2 नवंबर से छठ पूजा महापर्व समिति कराएगी घाट की रंगाई पुताई

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर 2 नवंबर से महादेवघाट को छठ पूजा के लिए तैयार करने का कार्य शुरू कर देगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समिति के पदाधिकारी मिलकर इस दिन सुबह से ही घाट की सफाई, धुलाई के साथ ही सुंदर पुताई का कार्य कराते हुए घाट को छठी मइया की पूजा अर्चना के लिए तैयार करेंगे। यहां हर साल की तरह इस साल भी बड़ी संख्या में व्रती छठ महापर्व को उत्साह के साथ मनाने परिवार के साथ पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व प्रारंभ होगा।

## काचीगुडा-दरभंगा के बीच दो फेरे की दीपावली और छठ पूजा विशेष ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- तीन और दस नवंबर काचीगुडा, 5, 12 नवंबर को दरभंगा से चलेगी

दीपावली और छठ पूजा पर ट्रेनों में होने वाली भीड़ के बीच यात्रियों को कन्फर्म सीट दिलाने विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन तीन और दस नवंबर को काचीगुडा और 5 तथा 12 नवंबर को दरभंगा से संचालित होगी। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर संचालित होने वाली इस ट्रेन में 22 कोच होंगे।

त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत संचालित होने वाली काचीगुडा-दरभंगा के बीच संचालित होने वाली ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन में 9.10 बजे, दुर्ग 11.55 बजे, बिलासपुर 2.30 बजे, रायगढ़ 4.25 बजे तथा तीसरे दिन 1.40 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसी तरह 5 एवं 12 नवंबर को वापसी के दौरान यह गाड़ी दरभंगा से 15.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन तीन बजे रायगढ़, बिलासपुर में 5 बजे, दुर्ग 7.48 बजे, गोंदिया 10.20 बजे स्टापेज लेगी। इस ट्रेन में 1 जनरेटर कार, 1 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 शयनयान, 5 एसीथ्री, 2 एसीटू, 1 एसी फस्ट सहित 22 कोच की सुविधा रहेगी। इसी तरह पूणे और सांतरागाछी के बीच 30 अक्टूबर के बीच चलने वाली एक फेरे की पूजा स्पेशल ट्रेन गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले गोंदिया स्टेशन में 2.5 बजे दुर्ग 4.10 बजे, रायपुर 4.50 बजे, बिलासपुर 6.55 बजे, रायगढ़ 9.5 बजे तथा तीसरे दिन 7.30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।

### अमलीडीह की सफाई व्यवस्था का जायजा

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के जोन 10 के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड की सफाई व्यवस्था का क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री साहू ने वार्ड की दुकानों के सामने नाली के ऊपर बनाए गए कवर को हटाकर सफाई कराने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए। अमलीडीह तालाब में गंदगी देखकर तालाब की सफाई तुरंत कराने जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा को दिशा निर्देश दिए। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू अपने क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर वार्डवासियों से सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने अलग-अलग वार्डो में भ्रमण कर रहे हैं।

## कलेक्टोरेट के कर्मचारी सुसाइडल प्रकरण में गरमाई सियासत, बैज ने कलेक्टर को हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर





- राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा : भूपेश

कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले में सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पहले सतनामी, आदिवासी फिर साहू और अब ब्राह्मण समाज को प्रताड़ति किया जा रहा है।

श्री बघेल ने प्रदीप उपाध्याय के सुसाइड नोट का संदर्भ देते हुए कहा, लगातार कई जिलों में कस्टोडियल डेथ हो रही है। सरकार को निकम्मी बताते हुए कहा, उन्हें पद में बने रहने का कोई हक नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी मामले में रायपुर कलेक्टर को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा, प्रदीप उपाध्याय को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को भी जानकारी दी थी। कलेक्टर ने फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, जो कलेक्टर अपने कर्मचारी को न्याय नहीं दे सकता, वो आम लोगों को क्या न्याय देगा?

### मृतक के आश्रित को तत्काल दें अनुकंपा नियुक्ति

तहसील कार्यालय रायपुर में पदस्थ कर्मचारी लिपिक प्रदीप उपाध्याय के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टोरेट परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में कर्मचारी नेता चंद्रशेखर तिवारी, उमेश मुदलियार, पंकज पांडेय, रामचंद तांडी ने दिवंगत कर्मचारी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। फेडरेशन ने मृतक के आश्रित को तृतीय श्रेणी के पद पर शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति देने एवं आश्रित के परिवार को मानवीय आधार पर 50 लाख रुपए का विशेष अनुदान स्वीकृत करने की मांग रखी।

### एसपी से उच्च स्तरीय जांच की मांग

फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष सिंह से भेंटकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने आत्महत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। फेडरेशन सदैव अपने कर्मचारियों के हित संरक्षण के लिए और किसी भी कर्मचारी की प्रताड़ना का विरोध करने के लिए एकजुट होकर साथ खड़ा रहेगा।

### तहसील कर्मचारी की मौत पर कांग्रेस ने पुरानी बस्ती थाने का किया घेराव



पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व कथित तौर पर प्रताड़ना से तंग आकर तहसील कार्यालय के एक लिपिक प्रदीप उपाध्याय ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को थाने का घेराव किया। थाने का घेराव पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। कार्रवाई नहीं होने पर थाना के सामने नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदीप उपाध्याय ने जिन अफसरों के खिलाफ प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, उन अफसरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए विकास उपाध्याय तथा कांग्रेस नेताओं ने घेराव किया। थाने का घेराव करने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, श्रीकुमार मेनन, सन्नी अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।

## जिलों में राज्योत्सव 5 को, रायपुर में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- सांसद, मंत्री, विधायक भी होंगे मुख्य अतिथि

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस क्रम में रायपुर जिले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, सासंद, राज्य सरकार के मंत्री, विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

***तोखन मनेंद्रगढ़, साव बिलासपुर में :*** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दुर्ग में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, बलौदाबाजार-भाटापारा में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

***जांजगीर में ओपी, गरियाबंद में बृजमोहन :*** इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के कार्यक्रम में मंत्री ओपी चौधरी, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में मंत्री टंकराम राम वर्मा, गरियाबंद में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बालोद में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### जशपुर में चिंतामणी बेमेतरा में रूपकुमारी

जशपुर जिले के कार्यक्रम में सांसद चिंतामणी महाराज, बेमेतरा में सांसद रूप कुमारी चौधरी, रायगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ति में सांसद कमलेश जांगडे, दंतेवाड़ा में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, नारायणपुर में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुंगली में विधायक पुन्नु लाल मोहले, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि होंगे।

### कबीरधाम में अमर धमतरी में अजय

इसी प्रकार कबीरधाम में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चन्द्राकर, कोरिया में विधायक रेणुका सिंह, सूरजपुर में विधायक भैया लाल राजवाडे, कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी, बीजापुर में विधायक विक्रम उसेंडी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक राजेश मूणत तथा सुकमा जिले में विधायक किरण देव राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## दक्षिण उप चुनाव के मैदान पर 30 प्रत्याशी, चार ने नाम वापस लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में नाम वापसी के बाद अब 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। कुल 46 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें से 12 प्रत्याशियों का नामांकन जांच के दौरान निरस्त कर दिया गया था।

4 अन्य प्रत्याशियों ने नाम वापसी के दिन अपना नामांकन वापस ले लिया। जिन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है, उनमें जुगराज जगत, रवि भोई, महेंद्र कुमार बाघ और हैदर भाटी का नाम शामिल है। प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद जिला निर्वाचन आयोग ने प्रतीक चिन्ह आवंटन की कार्रवाई कर दी है। नामांकन दाखिले के बाद अधिकृत प्रत्याशियों पर पर्यवेक्षकों की पूरी नजर होगी। उनके द्वारा प्रचार के दौरान किए जाने वाले व्यय और अन्य की जानकारी उन्हें तीन चरणों में देनी होगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी प्रत्याशियों को चुनाव आचार संहिता के दायरे में रहकर चुनाव प्रचार करना होगा। 13 नवंबर को उपचुनाव की एक सीट के लिए मतदान होगा।

### टाउनहॉल में रहेगा मतदाता सुविधा केन्द्र

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के परिप्रेक्ष्य में टाउनहाल कलेक्टोरेट परिसर में मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसमें निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने की सुविधा रहेगी। यह 10, 11, 12 नवंबर को संचालित रहेगा, जिसका समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे रहेगा। इसके प्रभारी अधिकारी एओ लॉरी, रामनारायण वर्मा, अजय कुमार लहरी होंगे।

### 13 से 20 नवंबर तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 13 से 20 नवम्बर तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उपचुनाव के लिए 13 को प्रातः सात बजे से 20 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में उसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

बांधवगढ़ में पांच वर्ष पूर्व पहुंचे सात हाथियों की विषैला चारा चरने से मौत

## दो क्षेत्रों में काल के ग्रास बने 10 गजराज घरघोड़ा में श्रद्धांजलि देने जुटा हाथी परिवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- करंट से मौत वाले हाथियों को जहां दफनाया गया, वहां हाथी दल के पहुंचकर श्रद्धांजलि देने का वीडियो वायरल

इंसानी संवेदना की तरह हाथियों में भी संवेदना पाई जाती है, इसका उदाहरण घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में करंट से तीन हाथी शावकों की मौत के बाद देखने को मिला। करंट से मरे हाथियों को जहां दफनाया गया था, उस जगह पर हाथी परिवार श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इसकी पुष्टि रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने भी की है। श्रद्धांजलि देने का वीडियो ड्रोन कैमरे से बनाया गया है। मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जिन सात हाथियों की मौत हुई थी, वो हाथी पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ से बांधवगढ़ पहुंचे थे।

गौरतलब है कि पांच दिन पूर्व 12 साल की एलू मदर हाथी सहित तीन मादा हाथी की करंट से मौत हुई थी। मरने वाले हाथियों की उम्र ढाई से 12 वर्ष के बीच की है। इस लिहाज से मरने वाले सभी हाथी शावक थे। हाथी परिवार में अपने शावकों से विशेष प्रेम रहता है। हाथी परिवार में आपसी सामंजस्य के साथ सहभागिता के गुण पाए जाते हैं। परिवार के किसी सदस्य से बिछड़ने पर हाथी परिवार व्यथित होने के साथ शोक मनाता है।



*कई दिनों तक शोक मनाते हैं :* वन्यजीव प्रेमी के अनुसार दल में शामिल किसी हाथी के मौत होने के बाद दल में शामिल सदस्य कई दिनों तक मृत हाथी के पास रहकर शोक मनाते हैं। दल में शामिल सदस्य अपनी सूंड से मृत हाथी की बॉडी को स्पर्ष करते हैं। किसी शावक की मौत होने के बाद शावक की मां अपने बच्चे की लाश के पास कई दिनों तक खड़ी रहती है।

### मौत पर शोक व्यक्त करते हैं : सिंघवी

वन्यजीव प्रेमी नितीन सिंघवी के मुताबिक हाथी परिवार में जब भी किसी सदस्य की मौत हो जाती है, तो जिस जगह पर उसकी मौत हुई होती है और जहां मृत हाथी की हड्डी पड़ी रहती है, हाथी परिवार वहां से जब भी गुजरता है, वहां रुककर सूंघता है, समझता है, जो एक प्रकार के उसका शोक जताने का तरीका है। श्री सिंघवी के मुताबिक जंगल में हाथी मर जाएगा और मरने के बाद सड़कर हड्डी रह जाएगी, वहां से कोई हाथी परिवार गुजरता है, तो वह गुजरते वक्त सूंघते हुए मृत हाथी के कंकाल के पास पहुंचता है।

### छत्तीसगढ़ से लेकर मध्यप्रदेश में सुरक्षित नहीं हाथी

मध्यप्रदेश के वनों में जो हाथी विचरण कर रहे हैं, वह हाथी छत्तीसगढ़ के हैं। मध्यप्रदेश के कान्हा, संजय दुबारी तथा बांधवगढ़ में 70 के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। बांधवगढ़ में विषैला चारा चरने से जिनकी चारा खाने से मौत हुई है, उन हाथियों के गुरु घासीदास नेशनल पार्क या मरवाही के रास्ते मध्यप्रदेश पहुंचने की संभावना वन्यजीव के जानकारों ने व्यक्त की है। मृत हाथी पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ के जंगल से मध्यप्रदेश पहुंचे थे और वहां स्थायी रूप से रहे थे।

प्रदेशभर के 2058 सहकारी समिति के 13 हजार कर्मचारी करेंगे आंदोलन

## सहकारी समिति के कर्मचारी 4 नवंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल, 14 से धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



प्रदेशभर की 2058 सहकारी समिति में कार्यरत 13 हजार कर्मचारियों ने अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि प्रदान करने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान करने की मांग की गई है। वहीं राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ करने की तैयारी है।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर की सहकारी समिति के 13 हजार कर्मचारियों ने अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू का कहना है, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक तरफ जहां प्रदेश की सहकारी समितियों में 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की तिथि घोषित की गई है, वहीं दूसरी ओर विडंबना ये है कि पिछले साल की धान खरीदी का कमीशन अब तक नहीं मिला। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान की राशि अभी तक समितियों को प्राप्त नहीं हुई है। इसके कारण धान खरीदी की तैयारी सहित कर्मचारियों को दीपावली पूर्व वेतन मिलना दूभर हो गया है। कर्मचारियों का ये भी कहना है कि लंबित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, खाद्य मंत्री सहित सहकारिता सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर ध्यान आकर्षित करा चुके हैं, इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धान खरीदी नीति का आदेश हो गया है, जिसमें 72 घंटे में धान उठाव का प्रावधान था, उसे हटा दिया गया है।

महासंघ द्वारा जनदर्शन में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा गया कि धान खरीदी में सूखत नहीं तो धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा, पर अभी तक इस दिशा में पहल नहीं की गई। इससे प्रदेश के 13 हजार कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। लंबित मांग पूरी नहीं होने पर 4 नवंबर से सहकारी समितियों के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है, उनकी इस हड़ताल से प्रदेश में धान खरीदी, रबी फसल के ऋण वितरण, राशन वितरण प्रभावित होगा।

### इस तरह से चला चरणबद्ध आंदोलन

- 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 33 जिलों के सहकारी समितियों में काली पट्टी लगाकर किया काम।
- 21 व 22 अक्टूबर को 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन।
- 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी व प्रदर्शन।
- 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं इसलिए संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन।

## रजिस्ट्री में बूम, एक दिन में चार करोड़ 76 लाख से अधिक की हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




दीपावली में इस बार बूम रजिस्ट्री हो रही है। त्योहार में प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री बढ़ने के कारण दीपावली के एक दिन पूर्व पंजीयन कार्यालय में 307 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 4 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक की आय हुई है। इससे पूर्व धनतेरस के दिन भी 3 सौ से अधिक रजिस्ट्री हुई है। इस तरह दो दिन में करीब 9 करोड़ रुपए की रजिस्ट्री हुई है।

त्योहार के कारण पंजीयन कार्यालय में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पंजीयन कार्यालय में सुबह 10 बजे से ही रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी, जो शाम तक रही। दिनभर में रजिस्ट्री के पांचों उप पंजीयकों के यहां 307 रजिस्ट्री हुई है। उप पंजीयकों में एसएसआर-1 में 72, एसएसआर-2 में 66, एसएसआर-3 में 75, एसआर-4 में 46 एवं एसआर-5 में 48 रजिस्ट्री हुई है। इन रजिस्ट्री से रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 1 करोड़ 87 लाख 59 हजार 532 रुपए तथा स्टाम्प शुल्क से 2 करोड़ 89 लाख 38 हजार 130 रुपए प्राप्त हुआ है। पंजीयक विनोज कोचे ने बताया कि लक्ष्मी पूजा के दिन भी रजिस्ट्री से अच्छी आय होने की उम्मीद है। इस दिन भी बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले रखा है।

।। पितृ कृपा ।।
श्री बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
ग्रेनाइट
मार्बल
टाईल्स
कोटा स्टोन
तुलसी चौरा
मार्बल मंदिर

## खबर संक्षेप

### विवाद के बाद हत्या तीन युवकों से पूछताछ

**भिलाई।** मां को मारता देख युवक आक्रोश में आकर एक की हत्या करने का मामला सामने आया है।घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुची पुलिस गंभीर रुप से घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी मुताबिक ओम नगर दुर्ग निवासी भूपेन्द्र सिंह राजपुत को घर सामने रहने वाले तीन युवको ने मिलकर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक औक आरोपी का मकान आमे सामने है। मृतक ने आरोपियों की मां के साथ किसी बात को लेकर विवाद कर रहा था। इसके अलावा दोनों के मध्य मारपीट भी जोरदार हो गया। विवाद को देख आरोपियों ने घर में रखे टंगिया से भूपेन्द्र पर ताबडतोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के मामले में तीन युवकों को पुलिस ने संदेह के आधार पर पकड़कर पूछताछ कर रही है। टीआई मोनिका पाण्डेय ने बताया कि विवाद के बाद हत्या किया गया है। संदेह के आधार युवकों को पकड़ा गया है। पूछताछ किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अक्टूबर माह में 84 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 8 कार्यपालक व 76 गैर–कार्यपालक शामिल हैं। भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर–कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। बीएसपी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विजय शर्मा तथा उप महाप्रबंधक सही राम झाखर ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। प्रबंधन ने सेवानिवृत्तों के योगदान को सराहते हुए उनके स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की।

### एफएसएनएल से सुमित सेवानिवृत्त, हुआ सम्मान

**भिलाई।** फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड भिलाई में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत सुमित सिंह बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। वे एफएसएनएल में 39 साल 6 महीने कार्यरत रहे। फेरो इस्पात श्रमिक संघ भिलाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सिंह के सेवानिवृत्त होने पर यूनियन व कर्मियों ने उन्हें विदायी दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

### राज्योत्सव में वन मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**दुर्ग।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में 5 नवंबर 2024 को पुराना गंजमंडी गजपारा दुर्ग में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

घटना : गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेंगना बरपारा में शुक्रवार रात पुलिस ने मारा छापा

# गांव में चल रहा था जुआ, छापा के दौरान मची भगदड़, बाद में कुएं में मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम टेंगना बरपारा में 25 वर्षीय युवक मोरध्वज ठाकुर की कुएं में डूबने से संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। युवक के सिर पर चोट के निशान थे, जहां से लगातार खून बह रहा था। वहीं, पुलिस कार्रवाई को संदेहास्पद बताते हुए ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया और उन्हें घंटों गांव में ही रोका रहा।

- शनिवार दोपहर कुएं में युवक की लाश मिलने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

शुक्रवार की रात्रि जुआ के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के बाद ग्राम का 25 वर्षीय युवक मोरध्वज ठाकुर अचानक लापता हो गया। मोरध्वज को अंतिम बार शुक्रवार की रात्रि में ग्राम में चल रहे जुआ स्थल के पास एक दुकान के पास देखा गया था। पुलिस कार्रवाई के दौरान जुआरियों के साथ ग्रामीणों में मची भगदड़ के दौरान युवक अचानक लापता हो गया।

रातभर युवक की तलाश की जाती रही। शनिवार की सुबह भी परिजन व ग्रामीण मोरध्वज की तलाश करते रहे। वहीं, दोपहर लगभग 12 बजे युवक का शव ग्राम स्थित कुएं में देखा गया। ग्रामीणों ने गुरूर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक के शव को कुएं से बाहर निकाला एवं पंचनामा की कार्यवाही करने लगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि जुआ के खिलाफ की गई कार्यवाही के दौरान पुलिस के व्यवहार के कारण जुआरियों और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों का दावा है कि मृतक युवक कभी जुआ नहीं खेलता था। पुलिस पहुंचने के दौरान वह वहीं स्थित दुकान के पास खड़ा था, लेकिन पुलिस की कार्रवाई के दौरान वह भी घबराकर भागने लगा।

**कार्रवाई करने पहुंची पुलिस को घंटों रोककर रखा**





#### विवाद बढ़ता देख कंवर चौकी से भी पहुंची टीम

विवाद बढ़ता देख कंवर चौकी प्रभारी के साथ उनकी टीम भी ग्राम में पहुंच गई। ग्रामीण पुलिस टीम से बहस करने लगे। विवाद के मध्य कंवर चौकी प्रभारी लता तिवारी ने संयम का परिचय देते हुए आक्रोशित महिलाओं से बातचीत की। उसके बाद महिलाओं के साथ पीड़ित परिवार के घर जाकर उनके परिजनों से चर्चा कर मामले को शांत कराया। भारी हंगामे के बीच थाना प्रभारी टी पट्टावी सहित पुलिस टीम संयम का परिचय देते हुए ग्रामीणों को समझाते रहे, अंत में पुलिस बल ने पंचनामा के लिए ग्रामीणों को बुलाया और नाम पूछने लगे उसके बाद ग्रामीण तितर-बितर होने लगे।

#### ग्रामीणों ने कहा- पंचनामा में जो लिखना है, यहीं लिखिए

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस कोरे कागज पर पंचनामा की कार्रवाई कर रही थी। ग्रामीणों ने मांग की कि पंचानामा में जो लिखना है, यहीं लिखो। इस बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और उन्होंने युवक के शव के साथ पुलिस बल को भी वहीं रोक लिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस युवक के शव को गुरुर मरचुरी भिजवाने में सफल रही। परंतु ग्रामीणों ने पुलिस टीम को रोक लिया।

# दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में संजारी स्कूल के व्याख्याता आलोक हुए शामिल

**छत्तीसगढ़ की इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के संबंध में दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राजधानी नई दिल्ली स्थित सेंटर फार कल्चरल रिसोर्सेस एंड ट्रेनिंग सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से देश के चुनिंदा शिक्षकों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीसीआरटी नई दिल्ली द्वारा स्कूली शिक्षा में संग्रहालयों की भूमिका पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन द्वारका सेक्टर 07 दिल्ली में किया गया। इस कार्यशाला में भारत के 13 राज्यों के 85 प्रतिभागियों के साथ छत्तीसगढ़ के 11 प्रतिभागी भी शामिल हुए। इसमें बालोद से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, संजारी में कार्यरत व्याख्याता आलोक विश्वकर्मा ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षा में संग्रहालयों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। देशभर के विषय विशेषज्ञों के द्वारा म्यूजियम की उपयोगिता, इसकी स्थापना एवं उसके उद्देश्य के बारे में बताया गया। राजधानी दिल्ली के प्रमुख स्थान राष्ट्रीय संग्रहालय, क्राफ्ट म्यूजियम ,राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय , इंडिया गेट और राष्ट्रीय वॉर मेमोरियल का भ्रमण कराया गया। पांच दिन के प्रशिक्षण में अलग अलग विषय के विशेषज्ञों के द्वारा सभी शिक्षकों को ज्ञानवर्धक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर व्याख्याता आलोक विश्वकर्मा ने छत्तीसगढ़ की इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। समापन में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। व्याख्याता आलोक विश्वकर्मा की इस उपलब्धि पर डोंगरमल रामटेके, शिवेन्द्र बहादुर, दिनेश कुमार धरमगुड़े, देवीलाल ठाकुर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतोष तिवारी, अर्जुन ठाकुर सरपंच सहित अनेक लोगों ने बधाई एवं शुभकांनाएं दी हैं।



# लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- प्रकरणों का निराकरण 100 दिवस के भीतर आवश्यक



अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविंद एक्का की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एकल खिड़की प्रणाली 'सीजीआवास पोर्टल' में लंबित प्रकरणों के संबंध में नगर निगम एवं नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एडीएम ने विभिन्न विभागों में सीजीआवास पोर्टल से प्राप्त लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों का समय सीमा में शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाईन सीजीआवास पोर्टल में तकनीकी त्रुटियों का निराकरण करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रावधानों के तहत अनापत्ति प्रदाय किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एडीएम ने कहा कि प्रकरणों का निराकरण एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से 100 दिवस के भीतर किया जाना आवश्यक है। समय समय पर प्रकरणों का निराकरण हेतु आवश्यक प्रशिक्षण व तकनीकी सहयोग प्रदान भी की जा चुकी है। ज्ञात हो कि नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29/16 में प्रकरणों की निराकरण की समय सीमा निर्धारित है। पोर्टल में निराकरण संबंधी किसी प्रकार की तकनीकी समस्याओं के लिए संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, इन्द्रावती भवन, ब्लाक 04, तीसरी मंजिल अटल नवा रायपुर में पदस्थ विषय विशेषज्ञ श्री इन्द्रेश कुमार (साफ्टवेयर इंजीनियर) की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर समय सीमा के पश्चात भी कई विभागों के प्रकरण लंबित है, जो कि वर्ष 2020, 2021, 2022 एवं 2023 के प्रकरण हैं, उन्हें शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 &7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# अफसर व नेताओं ने लगाई एकता दौड़

**भिलाई।** प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई परेड ग्राउण्ड में पुरूष ट्रेड आरक्षक(अकुशल) बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2024–25 का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी रामगोपाल गर्ग थे। इस दौरान आईजी को सलामी दी गई उसके बाग परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद सेनानी राजेश कुकरेजा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को पुलिस आचरण संहिता के प्रति श्रद्धा रखने, अपने दायित्व का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने, देशभक्ति, अनुशासन, देश की अखण्डता को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई गई। सेनानी राजेश कुकरेजा मौजूद अतिथियों का सवागत करते हुए कहा कि प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई की स्थापना बीएसपी में हुए उपद्रव के फलस्वरूप कानून व्यवस्था ड्यूटी से निपटने के लिए किया गया थाष। लेकिन इस दायित्व के साथ–साथ विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल संचालन के लिए भी वाहिनी का गौरवशाली इतिहास रहा है। पुरूष ट्रेड आरक्षक(अकुशल) बुनियादी प्रशिक्षण 2024–25 में 94 पुरूष ट्रडे आरक्षक(अकुशल) को प्रदान किया। 1 अगस्त से 30 अक्टूबर यह समाप्त किया गया। आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि ट्रेड आरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस समेत सभी सुरक्षाबलों के प्रशासनिक इकाई का मेरूदंड होते हैं। जिनकी वजह से पुलिस के जवान किसी भी परिस्थिति में प्रत्येक्ष क्षण अपनी कार्यवाई और अपनी जिम्मेदारी के लिए तैयार रहती है। सेनानी राजेश कुकरेजा, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एसटीएफ एसपी विजय पाण्डे, 7वीं सेनानी छसबल गायत्री सिंह, रेडियों एसपी अरूण गजपाल, एएसपी सुखनंदन राठौर, उप सेनानी 7 वीं छसबल भिलाई मीता पवार, उप सेनानी सबा अंजुम, जयलाल मरकाम समेत अन्य मौजूद थे।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


# गोवर्धन खुंदाकर की गई पशुधन की पूजा, खिचड़ी खिलाकर लिया आशीर्वाद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शनिवार को अंचल में गोवर्धन पर्व की धूम रही। किसानों और पशु पालकों ने गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा की और गायों को खिचड़ी खिलाई। ग्रामीण अंचल सहित शहर में दिवाली पर रौनक रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में गोवर्धन पूजा को लेकर भी खासा उत्साह नजर आया।

गोवर्धन पूजा के दिन सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र में लोग घर-घर में पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। दोपहर 12 के बाद लोगों ने घर में गोबर से बनाए गोवर्धन पर्वत को फूल-पत्तों से सजाकर धूप-दीपक जलाकर पूजा की। घर में गाय-बैल को नहलाकर आरती की गई और खिचड़ी खिलाई गई। गोवर्धन पूजा के दिन यादव समाज से जुड़े लोगों ने घरों में जाकर गायों को सोहाई बांधी। ग्राम अंडा क्षेत्र सहित चिंगरी, कुथरेल, विनायकपुर, निकुम, जंजगिरी, चंदखुरी, मटिया, ओडारसकरी ,ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डंगनिया, देवरी ख, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, खप्परवाड़ा, आमटी, तिरगा, भोथली, झोला, अंजोरा, रसमड़ा, खपरी कला, गनियारी, बोरई, नगपुरा सहित आस-पास के गांवों में इस पर्व पर गाय-बैलों की पूजा कर खिचड़ी खिलाने की परंपरा है, जो गांवों में आज भी कायम है।

**अंचल में पारंपरिक रूप से उत्साह के साथ की गई गोवर्धन पूजा**



## खबर संक्षेप



### ग्राम भरदा में गायों को खिलाई खिचड़ी, उसी में से लिया प्रसाद

**बालोद।** ग्राम भरदा में शनिवार को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुबह घर के पशुओं को नहला-धुलाकर उनकी पूजा-अर्चना के बाद उन्हें खिचड़ी खिलाई गई। इस दौरान कोचई व कुम्हड़ा की सब्जी तथा बड़ा-पूड़ी सहित अन्य पकवानों को मिलाकर खिचड़ी बनाई गई। खाट पर नया कपड़ा बिछाकर उसमें खिचड़ी परोसी गई। गायों के खिचड़ी खाने के दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें प्रणाम कर उसी में से प्रसाद के रूप में खिचड़ी खाई।

### विकासखंडस्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 5 से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत, ब्लॉक स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 5 से 9 नवंबर तक पंजीयन कराना होगा। आयोजकों ने बताया कि पंजीयन बीआरसीसी भवन डौंडीलोहारा के सभा कक्ष में कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 9 वर्ष से 18 वर्ष और 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु समूह के लोग भाग ले सकते हैं। इसके अंतर्गत 100, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक ,रस्साखींच, वालीबाल, बैडमिंटन, खो-खो, कुश्ती, फुटबॉल, भारोत्तोलन, हाकी, बास्केटबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी।

### लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कुम्हारी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति नगर वार्ड क्रमांक 8 के सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति मंच में मुनगाडीह अंबागढ़ चौकी, मानपुर मोहला वाले का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

**निधन**

### कमलाबाई देवदास



**गुरूर।** नगर की प्रतिष्ठित नागरिक कमलाबाई देवदास 70 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे लोकेश्वर, ठोकेश्वर, राजु, पत्रकार दीपक, गोपाल और रामेश्वर देवदास की माता थीं।

**पर्व : अंचल में दीपावली पर गौरा-गौरी उत्सव में दिखी प्राचीन परंपरा**

# गौरा-गौरी का रचाया विवाह, पारंपरिक गीतों से गूंजा अंचल, शोभायात्रा निकालकर किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में दीपावली का त्योहार श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर अब तक के पूरे चार दिन काफी रौनक रही। दीपावली के दौरान धनतेरस, नरक चौदस और लक्ष्मीपूजन के साथ ही गौरी-गौरा विवाह, गोवर्धन पूजा की भी धूम रही। ग्राम नेवारीकला में गौरी-गौरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गौरा चौरा पर गौरी गौरा की मूर्ति स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना की गई। उसके बाद उनका विसर्जन किया गया।

लक्ष्मी पूजा की रात मिट्टी से गौरी-गौरा की प्रतिमाएं बनाई गईं। प्रतिमा की स्थापना करके शिव–पार्वती का ब्याह कराने की परंपरा निभाई गई। अगले दिन गोवर्धन पूजा के पहले गाड़ा बाजा के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। पूरे विधान के दौरान नेग के अनुसार गौरी-गौरा के पारंपरिक गीत गाए गए। इस दौरान गीत गाते हुए महिलाएं गौरी गौरा में चावल, पैसा, फरा, फूल भगवान को अर्पित किए। गौरा-गौरी विसर्जन के लिए गांव में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा देखने बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। वहीं, अनेक पुरुषों ने इस दौरान बैगा से सोटा भी खाया। गांव का भ्रमण करने के बाद नदी पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। उसके बाद वापस गांव आकर गोवर्धन खुंदाया गया और पशुधन को खिचड़ी खिलाई गई।





## गौरा-गौरी की पूजा कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

नगर सहित समूचे अंचल में शुक्रवार को गौरा गौरी जगाने तथा पूजा अर्चना का कार्यक्रम जारी रहा। इसी तारतम्य में समीप के ग्राम कामता में रात्रि 10 बजे बैगा दिनेश तारम ने गौरा गौरी निर्माण के लिए गाँव के शरहद में पूजा अर्चना कर पवित्र मिट्टी को बाजे गाजे के साथ नये कपड़े में लेकर आये। परम्परानुसार उसी मिट्टी से गौरा गौरी का निर्माण किया गया। उसके बाद ग्राम की महिलाओं ने दल बल सहित गौरा गौरी गीत गाते हुये प्रत्येक घरों से नये धान की बाली से सुसज्जित कलश से ससम्मान निमंत्रण दिया तथा अपने साथ शामिल करते गये। रात्रि 12 बजे तक सभी घरों से कलश यात्रा निकाल कर ग्राम प्रमुख के घर पहुँच कर गौरा गौरी देव को अविवाहित लड़कों को सिर में धारण कराया गया। पारम्परिक बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा गौरा चौरा पहुंचा जहाँ मूर्ति को स्थापित की गई। महिलाओं ने बैगा के साथ पूजा अर्चना कर गौरा गौरी गीत गाये। इस गीत से सिरहा लोग देवता चढ़ते रहे और लोगों को आशीर्वाद देते रहे। शनिवार को सुबह शोभायात्रा निकालकर गौरा-गौरी विसर्जन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अपने घर के सामने गौरा-गौरी की पूजा अर्चना की। उसके बाद तालाब पहुंचकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



**कलंगपुर में पारंपरिक रूप से मनाया गया गौरा-गौरी उत्सव**



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर में शनिवार सुबह आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा गौरा-गौरी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारम्परिक गड़वा बाजा और गीतों के साथ शोभायात्रा निकालकर गांव की गलियों का भमण किया गया। इस दौरान गांव की महिलाओं ने गौरा-गौरी की पूजा-अर्चना कर श्रीफल भेंट किया। उसके बाद गांव के शीतला तालाब पहुंचकर गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया।

## अंचल में हर्षोल्लास से मना गौरा-गौरी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंचल में गौरा-गौरी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम अंडा सहित विभिन्न गाँवों में कई स्थानों पर गौरी-गौरा की प्रतिमाओं का निर्माण कर स्थापित की गई थी। दो दिन पहले फूल कुचरने की परंपरा के बाद लक्ष्मीपूजा की रात विधि-विधान पूर्वक गौरी-गौरा की मनमोहक प्रतिमाओं की स्थापना की गई। शनिवार की सुबह से दोपहर तक लोगों द्वारा पूजन के बाद इनका विसर्जन किया गया। पारंपरिक गड़वा बाज़ा की धुन पर मधुर गीत गाते श्रद्धालु विसर्जन के लिए तालाब पहुंचे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में दीपावली की रात गौरा-गौरी विवाह की परंपरा रही है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इसे प्रमुख तौर पर जनजातियों व उनकी उपजातियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी जातियों के लोग इस पर्व को मनाते हैं। चार दिनों तक विवाह की विभिन्न रस्मों को विधि-विधान के साथ पूरा किया जाता है। गौरा-गौरी विवाह की शुरुआत धनतेरस के दिन से होती है। चौदस के दिन सुबह चूलमाटी समेत अन्य रस्म होती है। दीपावली के दिन गौरा व गौरी की प्रतिमाओं के साथ विवाह की रस्में होती हैं। गोवर्धन पूजा के दिन गौरा व गौरी की प्रतिमा का तालाबों व नदियों में विसर्जन गया।




## गौरी-गौरा उत्सव पर दिखा ग्रामीणों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंडा क्षेत्र सहित चिंगरी, कुथरेल, विनायकपुर ,निकुम, जंजगिरी, चंदखुरी, मटिया, ओडारसकरी ,ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डंगनिया, देवरी ख, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, खप्परवाड़ा, आमटी, तिरगा, भोथली, झोला, अंजोरा, रसमडा, खपरी कला, गनियारी, बोरई, नगपुरा सहित आस पास के गांवों कई पीढ़ियों से गौरा-गौरी पर्व मनाते आ रहे हैं । यह पूरे समुदाय में भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। गांव के बैगा शालिक राम निर्मलकर एवं गांव की बैगीन कामता निर्मलकर, मीना वाघमारे, सोनकुंवर पटेल, सीता साहू, गीता ठाकुर,प्रमिला पटेल ,जानकी पटेल, संतोष यादव,खिलेन्द्र सारथी, अमीत निर्मलकर, टिकेन्द्र पटेल ,जालम ठाकुर ने कहा कि गौरा-गौरी पर्व मनाए जाने से पर्व की खुशी दोगुनी हो जाती है।




### संजारी में अमरिया के चिरैया कार्यक्रम कल

**डौंडीलोहारा।** जय मां लक्ष्मी सेवा संस्थान संजारी द्वारा 4 नवंबर दिन सोमवार को रात्रि 10 बजे से अमरैया चिरैया छत्तीसगढ़ी लोककला महाराष्ट्र का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग होंगे। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुंवर सिंह सोनकर व हरेंद्र महलेश्वर हैं। अध्यक्ष रोहित कुमार कमरिया, सचिव ओम प्रकाश गोरे, कोषाध्यक्ष बलराम कमरिया, संरक्षक अर्जुन सिंह ठाकुर, श्याम लाल कमरिया, राम लाल सोनकर, उत्तम यदु हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

**जिले में नहीं थम रही चोरी की वारदात**

# चार दिन में चोरी की चार घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की सुस्त कार्यशैली व आमजन की लापरवाही के कारण चोरों द्वारा लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। बीते अक्टूबर माह के अंतिम चार दिनों में रनचिराई और अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में चार जगहों से चोरी के मामला सामने आए हैं। इधर कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई चोरी के कई मामलों में चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिली है।

**किसान के घर जेवर सहित 30 हजार की चोरी-** किसान के घर से नगदी रकम के साथ सोने और चांदी के आभूषण कुल 30 हजार रुपए की चोरी अज्ञात चोर ने किया है। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम चिचलगोंदी में रहने वाले बुधारू राम निषाद के घर से दिनदहाड़े अज्ञात चोर 7 हजार रुपए नगद और करीब 23 हजार रुपए के आभूषण की चोरी कर फरार हो गया है। मामले में अर्जुन्दा पुलिस धारा 305 (ए), 331 (3) के तहत मामला दर्ज किया है।

**गल्ले से 10 हजार पार**

*रनचिरई थाना क्षेत्र के ही ग्राम चिंचबोड़ निवासी टिकेंद्र देवांगन ने बताया कि ग्राम फुंडा (बोरगहन) के मेन रोड में कृषि केंद्र एवं हार्डवेयर दुकान है। 28 अक्टूबर की शाम काम बंद कर अपने घर चला गया। इस दौरान अगले दिन 29 अक्टूबर को सुबह किसी व्यक्ति ने फोन पर जानकारी दी कि दुकान का शटर थोड़ा खुला हुआ है। दुकान पहुंचने पर देखा कि वहां गल्ले में रखे 10 हजार रुपए नहीं थे। अज्ञात चोर ने गल्ले में रखे 10 हजार रुपए की चोरी कर ली।*

**नकदी व जेवर सहित 95 हजार की चोरी-** रनचिराई थाना क्षेत्र के ग्राम तमोरा में किसान राकेश देशलहरा के गांव से बाहर स्थित मकान में 26 और 27 अक्टूबर की मध्य रात घर के अंदर आलमारी तोड़कर अज्ञात चोर ने 25 हजार रुपए नगदी रकम सहित सोने चांदी के आभूषण कुल 94 हजार रुपए की चोरी की है। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर ने छत पर लगी शीट फाड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और इस वारदात को अंजाम दिया है।

**टीवी के साथ पहनने वाले कपड़ों तक को नहीं छोड़ा-** रनचिराई थाना क्षेत्र के ही परसाही (टी) में स्थित आयुष क्लिनिक में अज्ञात चोरों ने धावा बोला। 26–27 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने क्लिनिक का शटर तोड़कर वहां रखे एलईडी टीवी, वेट मशीन व क्लिनिक से लगे मकान मालिक के कमरे से पहनने वाले कपड़े शर्ट और जीन्स की चोरी कर ली है। क्लिनिक संचालक ग्राम भाठागांव (आर) निवासी प्रदीप साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411